RBI ने किसानों के लिये जमानत-मुक्त ऋण बढ़ाया

[स्रोत: बिज़नेस स्टैण्डर्ड](#)

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने बढ़ती लागत के बीच लघु एवं सीमांत किसानों को सहायता देने हेतु किसानों के लिये **जमानत-मुक्त ऋण सीमा 1.6 लाख रुपए से** बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दी है।

मुख्य बातें:

- **लाभार्थी: 86%** से अधिक किसानों, मुख्यतः लघु एवं सीमांत भूमिधारकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।
- **विस्तारित कवरेज: इसमें कृषि से संबंधित गतिविधियों** के लिये ऋण शामिल हैं, जिससे आय में विविधता आती है।
  - बैंकों को निर्देश दिया गया है कि ये शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करें तथा प्रावधान के बारे में जागरूकता बढ़ाएँ।
- **पूरक योजनाएँ:** इस उपाय से किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) ऋण तक पहुँच आसान हो जाएगी और संशोधित ब्याज अनुदान योजना के साथ संरेखित किया जाएगा, जिसमें 4% की प्रभावी **ब्याज दर पर 3 लाख रुपए** तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
  - यह पहल कृषि में **वित्तीय समावेशन को बढ़ाती है, किसानों को आगत लागतों का प्रभावी प्रबंधन करने, परिचालन में निवेश करने और आजीविका में सुधार करने में सक्षम बनाती है।**

और पढ़ें...

किसान क्रेडिट कार्ड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rbi-enhances-collateral-free-loan-for-farmers